कक्षा–12 NCERT भूगोल (मानव भूगोल के मूल सिद्धांत)

अध्याय–03 (जनसंख्या संघटन | Population Composition) – नोट्स

Youtube Channel Name : Siddhi Vinayak Sangaria

Channel Link- https://www.youtube.com/channel/UCJlUDM0uPIL7kEO0ZMdDcHg

Telegram link - https://t.me/siddhivinayaksangariamukesh (Siddhi Vinayak Sangaria)

Youtube Channel: Siddhi Vinayak Sangaria

1. विश्व में उच्चतम एवं निम्नतम लिंगानुपात वाले देशों के नाम लिखिए।

उत्तर– उच्चतम लिंगानुपात वाला देश – लाटविया, निम्नतम लिंगानुपात वाला देश – संयुक्त अरब अमीरात

2. विश्व में सर्वाधिक लिंगानुपात वाले देश का लिंगानुपात कितना है?

उत्तर– विश्व में सर्वाधिक लिंगानुपात वाले देश लाटविया का लिंगानुपात प्रति 100 महिलाओं पर 85 पुरुष हैं।

3. लिंगानुपात से क्या तात्पर्य है?

उत्तर– प्रति 1000 पुरुषों पर पाई जाने वाली महिलाओं की संख्या को लिंगानुपात के रूप में जाना जाता है।

4. जनसंख्या की आयु–लिंग सरंचना का अर्थ बताइए।

उत्तर– जनसंख्या की आयु–लिंग संरचना से अभिप्राय विभिन्न आयु वर्गों में महिलाओं और पुरुषों की संख्या से होता है।

5. विश्व की जनसंख्या का औसत लिंगानुपात कितना है?

उत्तर– विश्व की जनसंख्या का औसत लिंगानुपात, प्रति 100 महिलाओं पर 102 पुरुष हैं।

6. कार्यशील जनसंख्या का आयु वर्ग बताइए।

उत्तर– कार्यशील जनसंख्या का आयु वर्ग 15 से 59 वर्ष है।

7. संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सूचीबद्ध विश्व के कितने देशों में लिंगानुपात अनुकूल है?

उत्तर– संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सूचीबद्ध विश्व के 139 देशों में लिंगानुपात अनुकूल है।

8. दो देशों के नाम लिखिए जिनका आयु–लिंग पिरामिड त्रिभुजाकार होता है?

उत्तर– नाइजीरिया और बांग्लादेश का आयु–लिंग पिरामिड त्रिभुजाकार होता है।

9. ऑस्ट्रेलिया का आयु–लिंग पिरामिड किस आकार का है?

उत्तर– ऑस्ट्रेलिया का आयु–लिंग पिरामिड घंटी के आकार का है।

10. ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या में एक अंतर लिखिए।

उत्तर– ग्रामीण जनसंख्या– जनसंख्या का अधिकांश भाग गांवों में निवास करता है।

नगरीय जनसंख्या– जनसंख्या का अधिकांश भाग नगरों में निवास करता है।

11. तृतीय क्रियाकलापों के कोई तीन उदाहरण दीजिए।

उत्तर– तृतीय क्रियाकलाप के उदाहरण– 1. व्यापार 2. परिवहन 3. संचार।

12. किसी देश की साक्षर जनसंख्या का उच्चानुपात किस बात का सूचक है?

उत्तर– किसी देश की साक्षर जनसंख्या का उच्चानुपात उसकी सामाजिक, आर्थिक विकास का सूचक होता है।

13. भारत में कितने वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को साक्षर माना जाता है? साथ ही साक्षर व्यक्ति की निश्चित की गई योग्यता भी बताइए।

उत्तर– भारत में 7 वर्ष से आयु के उस व्यक्ति को साक्षर माना जाता है जो पढ–लिख सकता है और अंकगणितीय योग्यता रखता है।

14. विकसित देशों की नगरीय जनसंख्या में महिलाओं की अधिकता पाई जाती है, ऐसा क्यों?

उत्तर– विकसित देशों की नगरीय जनसंख्या में महिलाओं की अधिकता के निम्नलिखित कारण हैं–

1. महिलाओं का उच्च शिक्षित होने के कारण ये नगरों में पलायन करती हैं, जिससे जनसंख्या बढ़ती है।
2. महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति भी विकसित देशों में नगरीय जनसंख्या को प्रभावित करती है।
3. विकसित देशों में सामाजिक कुप्रथाएं, जैसे– कन्या भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा आदि कम पाई जाती है, जिसके कारण महिलाएं नगरों की ओर आकर्षित होती हैं।

15. किसी देश में लिंगानुपात महिलाओं के प्रतिकूल होने के तीन कारण लिखिए।

उत्तर– किसी देश में लिंगानुपात महिलाओं के प्रतिकूल होने के कारण निम्नलिखित हैं–

1. कन्या भ्रूण हत्या– जिन देशों में यह कुप्रथा पाई जाती है वहाँ महिलाओं का लिंगानुपात प्रतिकूल हो जाता है।
2. घरेलू हिंसा– जिन देशों में महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा होती है वहाँ महिलाओं की प्रतिवर्ष होने वाली मृत्यु लिंगानुपात को प्रतिकूल बना देती है।
3. रूढीवादी परम्परा– पुरुष प्रधान समाज होने के कारण जिन देशों में महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति निम्न स्तर की होती है, वहाँ लिंगानुपात प्रतिकूल होता है।

भूगोल के प्रत्येक अध्याय को अच्छे से समझने के लिए
सिद्वि विनायक संगरिया यू–ट्यूब चैनल पर आप वीडियो देखें।
इसके लिए आपको चैनल की प्ले–लिस्ट NCERT Geography|2021-22|Class 12
(https://www.youtube.com/playlist?list=PLIlq5TfwxGWHvzdSsfQhFHa2CUi1JER_A)
में अध्यायवार सभी वीडियो एकसाथ मिलेंगे। आप भी पढ़ें और
अपने साथियों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें।
धन्यवाद
सिद्वि विनायक संगरिया टीम

Youtube Channel :Siddhi Vinayak Sangaria